हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

10 70 से 80 अंक लाने वाले स्कूलों को भी थमा दिया डी ग्रेड




12 धीवर समाज की एकता अनुकरणीय : साय





## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष व सीएमओ के खिलाफ आज से कांग्रेसी पार्षदों की हड़ताल

**कुरुद।** नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसी पार्षदों द्वारा आज से नगर पालिका कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने बताया कि परिषद की सामान्य सभा की बैठक में कुरूद नगर के हित में लिए गए निर्णय में छेड़छाड़ करने वाले दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जायेगी। आगे बताया कि परिषद के निर्णय के बिना नगर पालिका कार्यालय को अस्थाई रूप से केनाल रोड स्थित सामुदायिक भवन में स्थानांतरित करने, परिषद के निर्णय के बिना नगर पालिका कार्यालय एवं सामने की दुकानों को तोड़कर व्यावसायिक कांप्लेक्स बनाने, प्रधानमंत्री आवास के गरीब हितग्राहियों की सालों से लंबित बचत किस्त की राशि को तत्काल भुगतान करने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के सभी पार्षदों द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सामने आज सुबह 11 बजे से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### चिंवरी में कबड्डी प्रतियोगिता 12 को

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के चिवरेश्वरनाथ कबड्डी टीम, नवयुवक संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 12 दिसंबर शुक्रवार को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपए दिया जायेगा। सभी मैच मैट में खेले जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर, बेस्ट ऑलराउंडर को 301 रुपए एवं ट्राफी दी जायेगी। यह जानकारी प्रवीण साहू ने दी है।

### छिपली-फरसियां मार्ग पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई

**नगरी।** नगरी विकासखंड अंतर्गत छिपली-फरसियां मार्ग पर सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सड़क किनारे वर्षों पुराने कौहा प्रजातियों के पेड़, जो गर्मी के दिनों में राहगीरों को छाया और राहत प्रदान करते थे, उन्हें बेरहमी से काटा जा रहा है। इतना ही नहीं खेतों के किनारे लगे पेड़ों को भी काटकर लकड़ियां खुलेआम ले जाई जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर रोड किनारे पेड़ की कटाई खुले आम कर रहे हैं तो जंगलों में तो और अधिक हो रहा होगा साथ यह अवैध गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**जंगल पर 24 घंटे नजर : एआई तकनीक से हाथियों की प्रभावी निगरानी**

# रिजर्व फॉरेस्ट के दो नवाचार को प्रदेश में लॉन्च करने की तैयारी

**केस 1**

एआई तकनीक के इस्तेमाल से हाथी ट्रेकिंग और अलर्ट सिस्टम गज संकेत से जनहानि में उल्लेखनीय कमी आई है। रिजर्व फॉरेस्ट के 120 गांव में 40 हाथियों की मौजूदगी के बावजूद मानव-हाथी में मुठभेड़ काफी कम हो गई है। हानि होने पर शासन द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि तीन साल में 78 लाख से घटकर 10 लाख हो गई है।

**केस 2**

गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग ड्रोन मैपिंग पोर्टल से वन क्षेत्र को सुरक्षित रखने और संरक्षित करने में ऐतिहासिक सफलता मिली है। प्रदेश और आसपास के राज्यों के 10 किमी सीमावर्ती क्षेत्रों को उपग्रह छवियों की मदद से 750 हेक्टेयर में अतिक्रमण हटाया गया। यही नहीं इस पोर्टल के माध्यम से पौधरोपण, वाटरशेड विकास, जल संरक्षण जैसे कार्यों की प्रभावी तरीके से मॉनिटरिंग भी की जा रही है।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व दुर्लभ और लुप्तप्राय वन्यजीवों के निवास स्थान के रूप में पहचान बना चुका है। वन विभाग की पहल ने इस घनघोर वन क्षेत्र को पर्यावरण के साथ मानव केंद्रित शासन व्यवस्था के रूप पहचान दिलाई है। यहां के दो नवाचार ने इस क्षेत्र में वनजीवों के साथ नागरिकों को रहवास को सुरक्षित और आसान बनाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विगत दिनों आयोजित सुशासन संवाद सम्मेलन में इन दोनों नवाचार को काफी सराहना मिली। यही नहीं पूरे प्रदेश में इन नवाचारों को लागू करने की तैयारी है। रिजर्व फॉरेस्ट के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि इसमें पहला नवाचार गज संकेत है। कृत्रिम बुद्धिमता आधारित इस सिस्टम को 2023 में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लांच किया गया था। एआई तकनीक का इस्तेमाल कर लगभग वास्तविक समय में हाथियों की निगरानी कर लोगों को वाइस, एसएमएस और वाट्सएप से लोगों को अलर्ट मैसेज भेजा जाता है। इस सिस्टम का इस्तेमाल कर वन विभाग की टीम गश्त की दिशा और समय भी निर्धारित करती है। इस सिस्टम ने वन्यजीवों के साथ यहां रहने वाले लोगों के बीच तालमेल बिठाया है, जिसके चलते वन्यजीव और लोगों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं काफी कम हो गई हैं।

रिजर्व फॉरेस्ट से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में मुठभेड़ से होने वाले मुआवजे की राशि 78 लाख रुपए थी। 2024-25 में यह घटकर 28 लाख रुपए हो गई। 2024-25 में 19 लाख रुपए और वर्ष 2025-26 में नवंबर तक 10 रुपए थी। इस एप को मप्र, महाराष्ट्र, झारखंड और कर्नाटक राज्य को विशिष्ठ संशोधनों के साथ संचालित करने के लिए छग वन विभाग ने मार्गदर्शन भी दिया है।

**संरक्षित हुआ जंगल**

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का दूसरा नवाचार जंगल सुरक्षित और संरक्षित है। गूगल अर्थ इंजन आधारित रिमोट सेंसिंग और ड्रोन मैपिंग पोर्टल का इस्तेमाल कर वनक्षेत्र की प्रभावी तरीके से लगभग वास्तविक समय में निगरानी रखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस पोर्टल के माध्यम से छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के 10 किलोमीटर तक सीमावर्ती क्षेत्रों की उपग्रह आधारित फोटो, वीडियो पर एआई तकनीक से निगरानी रखी जा रही है। अवैध कटाई, वन आवरण में कमी, सतही जल हानि का पता लगाकर इन समस्याओं का निदान किया जा रहा है। इस एप के माध्यम से लगभग 450 करोड़ की कीमत वाली 750 हेक्टेयर को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन का अधिकांश हिस्सा उड़ीसा क्षेत्र में आता है।

# सास-बहू, देवरानी-जेठानी, पिता-पुत्र सहित दिव्यांगों ने दिलाई उल्लास महापरीक्षा

- जिले में परीक्षा के लिए 408 केंद्र बनाए गए, 7393 रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी









रविवार को जिले में आयोजित उल्लास महापरीक्षा में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, पिता-पुत्र, पति-पत्नी सहित दिव्यांगजनों ने उल्लास के साथ परीक्षा दिलाई। जिले के कुल 408 परीक्षा केंद्र में 7518 शिक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से 125 अनुपस्थित रहे। 15 वर्ष से अधिक उम्र के 7393 शिक्षार्थी 200 घंटे अध्यापन कर परीक्षा में सम्मिलित हुए।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य के अनुसार सन् 2030 तक युवा, पौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शत- प्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सभी के लिए शिक्षा शुरु की गई है। इस सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता देने पर 10 अंक बोनस देने का प्रावधान किया गया है।

उल्लास कार्यक्रम के डीपीओ खेमेंद्र साहू ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पौढ़ शिक्षा अब सभी के लिए शिक्षा के नाम से जाना जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पढ़ये कहीं भी कभी भी की थीम पर कार्य किया जा रहा है जिसमें दिव्यांगजन एवं महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उल्लास मोबाइल एप पर शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे कर डाटा एंट्री किया गया। मार्च माह में आयोजित उल्लास महापरीक्षा में 50 शिक्षार्थी भी इस महापरीक्षा में शामिल हुए।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में उल्लास महापरीक्षा सफलतापूर्वक हुई। कलेक्टर, जिपं सभापति मोनिका देवांगन, चेतन हिन्दूजा, जय हिन्दूजा, पार्षद कोमल सार्वा ने वीडियो के माध्यम से शिक्षार्थियों से महापरीक्षा में सम्मिलित होने की अपील की थी। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण अंतर्गत जिला शिक्षाधिकारी अभय जायसवाल, सहा. संचालक देवेश सूर्यवंशी, डीपीओ खेमेंद्र साहू, सहा. नोडल प्रीति शांडिल्य, टेक्नीशियन नारायण सिन्हा, निखिलेश गौतम, कार्तिक साहू, शिक्षकों, स्वयंसेवी शिक्षकों के सहयोग से परीक्षा आयोजित हुई।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा

- 9580 में से 6887 अभ्यर्थी परीक्षा में हुए शामिल, 2693 रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। परीक्षा के एक दिन पूर्व केंद्र का अवलोकन अनिवार्य किए जाने के निर्देश के कारण शनिवार को ही अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्रों में आवाजाही तेज रही। अभ्यर्थी परिवारजनों के साथ पहुंचकर परीक्षा केंद्र और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेते दिखाई दिए।

जल संसाधन विभाग अंतर्गत ली गई इस परीक्षा का संचालन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा किया गया। धमतरी जिले में कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह से ही अभ्यर्थी निर्धारित समय से एक घंटा पहले केंद्रों में पहुंचकर कतारबद्ध होकर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हुए। शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए 38 पर्यवेक्षक, 4 उड़नदस्ता दल और प्रत्येक केंद्र में एक महिला तथा एक पुरुष पुलिसकर्मी की तैनाती की गई। फ्रिस्किंग, पहचान सत्यापन और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच का कड़ाई से पालन कराया गया।


गाइडलाइन अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनने की अनुमति थी, जबकि गहरे रंग के वस्त्रों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। पॉकेट वाले जर्सी, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी, मोबाइल, पर्स, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी आदि पूरी तरह वर्जित रहे। प्रश्नपत्र में कंप्यूटर, गणित, अंग्रेजी, हिंदी, सामान्य ज्ञान, भारत एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित प्रश्न शामिल थे। कंप्यूटर से जुड़े सवालों में एंटीवायरस का कार्य, सीपीयू की परिभाषा, ▶▶ शेष पेज 10 पर

**सोसाइटी प्रबंधक का दिल का दौरा पड़ने से निधन**

# परिजनों ने किया चंद्रहास का देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री





प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी के प्रबंधक चिंवरी निवासी चंद्रहास साहू उम्र 61 वर्ष का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। विदित हो कि पिछले सप्ताह दिल का दौरा पड़ने पर उनके परिजनों ने रात्रि में ही रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया था। सप्ताह भर अस्पताल में इलाज जारी रहा। 6 दिसंबर की रात्रि लगभग 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रबंधक के मरणोपरांत परिजनों की सहमति से श्री अरबिंदो नेत्रालय रायपुर में उनका नेत्रदान किया गया। रविवार की सुबह 11 बजे आवश्यक दस्तावेजों की कार्रवाई को पूर्ण करते हुए परिजनों की सहमति से बालाजी हॉस्पिटल मोवा में संपूर्ण देहदान किया गया। उनके पार्थिव शरीर को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

श्रद्धांजलि सभा में पिता हरखराम साहू, मां परमा साहू, भाई चंद्रकुमार, पत्नी शकुंतला साहू, पुत्र कृष्ण साहू, हरीश साहू, लोकेश साहू सहित चिंवरी सरपंच संजीत साहू, मरौद ब्रांच मैनेजर अशोक साहू, कृष्णा सिन्हा, हरीश दादर, रामखिलावन साहू चिंवरी सोसाइटी अध्यक्ष, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बसंत साहू, खुमान साहू, हरेंद्र साहू पूर्व सरपंच, उत्तम साहू, सोमप्रकाश, जागेंद्र साहू, सौहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता, अनिल सहित चिंवरी सोसाइटी स्टाफ खिलेश साहू, वेदप्रकाश साहू, यशवंत साहू, संतोष साहू, सत्यम साहू, अनुपम विश्वकर्मा ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कुरना विद्यालय के बच्चों को कराया नेवता भोजन



**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम कुरना में सामाजिक सहभागिता और सौहार्द्र का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। ग्राम के ओंकार साहू ने गृह प्रवेश समारोह के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना के बच्चों को स्नेहपूर्वक नेवता भोजन करवाकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इसी क्रम में भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर महानदी वाले बाबा द्वारा विद्यालय के बच्चों को फल वितरण किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। दोनों ही कार्यक्रम सौहार्द्र, सेवा भाव और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे, जिससे गाँव में सकारात्मक वातावरण तथा बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली।

### रासेयो से सेवा भाव की प्रेरणा मिलती है : सावित्री

**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि भानबेड़ा द्वारा ग्राम भोड़िया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सम्मिलित होकर शिविरार्थी बच्चों एवं ग्रामवासियों को संबोधित की। विधायक सावित्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में सेवा भाव को जागृत करता है। इस अवसर पर सरपंच मधु तेता, जनपद सुनाराम तेता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्मला, राजकुमार दर्रो, गणेश सोनी, ग्राम पटेल विजय दर्रो, सुन्दर कांगे, महेन्द्र सिन्हा, समरेश शोरी, जयराम तेता, बिरबल दर्रो, राजेन्द्र उइके, बृजलाल हिड़को, रैनूराम हिचामी, इन्द्रा दर्रो, मीना दर्रो, विमला गोटी, कृष्णा उसेण्डी, यामिनी भंडारी, सुखबती जैन, सुरेश सोनी, रविप्रकाश लोहसिंह, दुर्गेश देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### डा.आंबेडकर का 70वां निर्वाण दिवस मनाया

**चारामा।** बौद्ध समाज चारामा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर भवन से बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा तक निकाले गए कैंडल मार्च से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने जयभीम के नारों के साथ एकता का संदेश दिया। प्रतिमा स्थल पर उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## निधन

### सालिकराम यादव



**जीजामगांव।** ग्राम करगा के पशु चिकित्सक कार्यकारिणी सदस्य, सलाहकार एवं करगा पाली के पूर्व कोषाध्यक्ष सालिकराम यादव का निधन 5 दिसंबर शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर बसंती बाई यादव, लोकनाथ यादव, वैशाली यादव, अशोक, खेमचंद, मुकेश, कामता, रवि, रोमलाल, ओमलाल, दिलीप सहित अनेक ग्रामीणों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## सामाजिक अंकेक्षण की ग्रेडिंग प्रणाली से शिक्षकों में भारी असंतोष

# 70 से 80 अंक लाने वाले स्कूलों को भी थमा दिया डी ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





सरकारी स्कूलों में हाल ही में संपन्न हुए सामाजिक अंकेक्षण की ग्रेडिंग प्रणाली ने शिक्षकों में भारी असंतोष पैदा कर दिया है। शिक्षक संघों ने अंकेक्षण के मापदंडों को अवास्तविक और एकतरफा बताते हुए इस प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।शिक्षकों का आरोप है कि अंकेक्षण दलों द्वारा दिए गए ग्रेड उनके वास्तविक प्रयासों और स्कूल में मौजूद बुनियादी ढांचों की कमी को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हैं।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत समग्र शिक्षा विभाग द्वारा कुरूद ब्लॉक के प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया जिसमें स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की 90-100 प्रतिशत उपस्थिति, स्कूलों में पर्याप्त पेयजल, प्रसाधन की व्यवस्था, वाटर हार्वेस्टिंग, खेल परिसर, बेहतर साफ सफाई, स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातावरण, मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता, शिक्षकों द्वारा कोर्स के आधार पर अध्यापन के साथ साथ शिक्षक दैनंदिनी, बेहतर शैक्षिक सामग्री का उपयोग कर अध्यापन कार्य, पुस्तकालय का नियमित उपयोग, कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद 70-80 अंक पाने वाले स्कूलों को डी ग्रेड में रखकर गांव, स्कूलों, बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों के मनोबल को हतोत्साहित किया गया है।

### शिक्षकों का आरोप, वर्षों की मेहनत के साथ अन्याय है

शिक्षकों का कहना है कि खराब ग्रेडिंग से उन पर अनावश्यक मानसिक दबाव बन रहा है और यह उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने की प्रेरणा को कमजोर करता है। शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की है कि इस अंकेक्षण प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए सूची को निरस्त कर पुनः स्कूलों का अंकेक्षण कराया जाए। अंकेक्षण दल केवल एक दिन आकर अपनी व्यक्तिपरक राय पर ग्रेड दे देता है। यह हमारी वर्षों की मेहनत के साथ अन्याय है। उन्होंने यह भी कहा है कि अंकों का निर्धारण करते समय स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखा जाए और मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी बनाया जाए, ताकि गुणवत्ता सुधार का यह अभियान सफल हो सके।

**जिस स्कूल को बेहतर मानते हैं उसे ही मिला डी ग्रेड**

संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष

हुमन चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष देव वर्मा, मिथिलेश कुमार कंवर, भावना द्विवेदी, वासंती देवांगन, मीरा चंद्राकर ने बताया कि जिस स्कूल का भौतिक एवं मानवीय संसाधन पर्याप्त है। किस मापदंड के तहत यह निर्धारित किया गया। इसको स्पष्ट रूप से अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं। शिक्षकों का आरोप है कि जिस शिक्षक को नोडल व प्रभारी बनाया गया, उसे कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। जिस स्कूलों को बेहतर मानकर बाहर की टीम को विजिट कराते हैं, उसे ही डी ग्रेड में रखा गया है। अंकेक्षण छात्रों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और स्कूल में उपलब्ध संसाधनों से जुड़ा होता है।

### कुरूद ब्लॉक के 39 स्कूल को मिला ग्रेड डी

कुरूद ब्लॉक के 184 प्राथमिक शाला, 122 मिडिल स्कूल, 13 हाईस्कूल और 39 हायर सेकेंडरी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कराया गया है, जिसमें 13 प्राथमिक शाला, 14 मिडिल स्कूल, 7 हाईस्कूल और 5 हायर सेकेंडरी स्कूलों को ग्रेड डी में रखा गया हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद चंद्रकुमार साहू का कहना है कि अंकेक्षण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ कराई गई है। ग्रेड देने का काम उच्च स्तर पर किया गया है। अभी सिर्फ डी ग्रेड वाले स्कूल की सूची दी गई है। स्कूलों का अंकेक्षण 20 बिंदुओं के आधार पर किया गया जिसमें स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, छात्रों के सीखने का स्तर, सामुदायिक सहभागिता, बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति से लेकर बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं।

# गोला फेंक और जलेबी दौड़ में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

- संकुल अरौद डुबान में वार्षिक उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



संकुल स्त्रोत केंद्र अरौद डुबान में वार्षिक उत्सव इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, जनपद सदस्य उर्वशी ध्रुव, सरपंच संगीता नेताम, मोंगरागहन सरपंच शैलेश नाग, पूर्व सरपंच दिलीप नाग तथा पूर्व जनपद सदस्य देवनाथ नेताम उपस्थित थे। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश ध्रुव का विशेष सम्मान किया गया।

पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिता तथा दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। विजेता विद्यार्थियों को इनाम, पेन व नगद राशि दी गई। सफाई कर्मचारियों व भोजन व्यवस्था में सहयोग करने वालों को साफा एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, जिसकी व्यवस्था व्याख्याता ऋषि कुमार कौशिक द्वारा की गई। ग्राम बरबांधा द्वारा विभिन्न कबड्डी वर्ग की प्रथम टीमों को कप प्रदान किया गया।

प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक एवं बालिका वर्ग में दौड़, गोला फेंक, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ सहित कई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीरव आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य ह्रदयराम जुर्री ने किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, रसोइयों, सहायिकाओं, पंचायत पदाधिकारियों तथा ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# जोन स्तरीय शिविर में 118 स्काउट्स-गाइड्स हुए शामिल

**बच्चों में संस्कार की भावना जागृत करने नगरी में लगा शिविर**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ नगरी द्वारा द्वितीय सोपान जोन स्तरीय शिविर का आयोजन नगरी, सिहावा, सांकरा, कुकरेल जोन में आयोजित हुआ। संघ के अध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि स्काउटिंग को बढ़ावा देने, बच्चों में संस्कार एवं आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने नगरी विकासखंड में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ।

समापन दिवस पर सांकरा जोन में प्रमाण -पत्र वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्काउट्स अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, संघ के आजीवन सदस्यों दिनेश्वरी नेताम, सुलोचना साहू व विमला धुर्वा व सांकरा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य अनुभा अग्रवाल के आतिथ्य में हुआ।

शिविर में अलग-अलग विद्यालय से 118 बच्चे शामिल हुए, जिसमें 36 स्काउट्स एवं 82 गाइड्स थे । स्काउट एवं गाइड बच्चों को सेवा कार्य, भलाई कार्य बीपी सिक्स, कंपास दिशाओं का ज्ञान, प्रार्थना, प्राथमिक चिकित्सा, खोज का चिन्ह, गांठें, जीवन रक्षक डोरी, भोजन बनाना, मानचित्र एवं जीवन जीने की कला सिखाई गई। बच्चों ने समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शिविर में शामिल भुंजिया जनजाति की नंदिनी सोरी का विशेष सम्मान किया गया। आयोजन में शिविर संचालक दूधेश्वर नाथ साहू, सहायक संचालक एमके महमला, पीआर साहू, रविशंकर साहू, जितेंद्री साहू, रीना साहू का सहयोग रहा।

# बारना स्कूल के बच्चों को दिए कॅरियर बनाने के टिप्स



**कुरुद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में करियर गाइडेंस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कंडेल महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक पीताम्बर सिन्हा समाजशास्त्र और संजय पवार सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र ने बच्चों को करियर से संबंधित जानकारी दी। बच्चों को किस प्रकार से पढ़ाई करनी है, उस पर भी चर्चा की गई। खास तौर पर दसवीं के बच्चों को विषय चयन को लेकर टिप दिया गया। छात्र-छात्राओं की समस्याओं को भी दूर किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू ने खुशी व्यक्त की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण श्रीमती पूनम हिरानी, श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती अरुणा तिर्की, कांति प्रभा, चेतना साहू, मीनाक्षी सोनी, विनय पटेल, अमित खरे, राजेश बंजारे, रोशन साहू, होमेंद्र यादव, रविन्द्र पटेल, डोमेश निर्मलकर, नीरज ध्रुव समेत स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मातृ-पितृहीन बच्चों का 'गुरुछाया' में संवरेगा भविष्य

- नगरी क्षेत्र के शिक्षकों ने किया संस्था का गठन, 9 को कुकरेल स्कूल में सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बच्चों के जीवन में ज्ञान का उजाला फैलाने वाले शिक्षकों ने अब सामाजिक सरोकार के एक महत्वपूर्ण दायित्व को भी अपने कंधों पर लिया है। नगरी क्षेत्र के शिक्षकों ने माता-पिता से वंचित बच्चों के भविष्य को संवारने की पहल करते हुए 'गुरुछाया' संस्था का गठन किया है। इसी क्रम में संस्था का पहला कार्यक्रम 9 दिसम्बर को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुकरेल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में ऐसे 18 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने माता-पिता को खोने के बाद भी शिक्षा की राह नहीं छोड़ी है। उनका मनोबल बढ़ाने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देने इस आयोजन का उद्देश्य है।

संस्था के सदस्य प्रेमलता ध्रुव, महेंद्र सिंह मरकाम, श्रवण कुमार देवांगन सहित अन्य शिक्षकों ने बताया कि संस्था का विजन बेसहारा बच्चों को सहयोग, सुरक्षा और मार्गदर्शन देकर ऐसा समाज बनाना है, जहां हर बच्चा सम्मान और अवसर प्राप्त कर सके। संस्था का मिशन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन कौशल तथा सामाजिक मूल्यों से जोड़ते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

संस्था के संरक्षक कलीराम साहू और प्रकाशचंद्र साहू हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में महेंद्र सिंह मरकाम, प्रेमलता ध्रुव, अर्चना नेताम, अर्चना साहू, मोहन सिंह, महेंद्र कुमार बोरझा शामिल हैं। साथ ही विभिन्न जोन के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुकरेल में राजेश कुमार बैस, मीनेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार श्रीवास, गट्टासिल्ली में कंचन सिंह सूर्यवंशी, दुगली में ललित सोम, नगरी में एसके प्रजापति, सांकरा में अनिभा अग्रवाल, सिहावा में सीताराम साहू तथा बेलरगांव में प्रेमचंद झा और चम्पेश्वर साहू शामिल हैं।

# मोतिमपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत मोतिमपुर में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भाटापारा में रंगमंच के लिए 4 लाख रुपए विधायक मद से प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत किया गया है। जिला पंचायत सभापति द्वारा 4 लाख रुपए का मुरुम कार्य, जनपद सदस्य सरिता कश्यप द्वारा नाली निर्माण मरम्मत कार्य स्कूल से शिवमन्दिर तक 2 लाख रुपए से किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मीना साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती सरिता कश्यप सभापति मगरलोड, सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी साहू, सचिव चन्द्रहास साहू, उपसरपंच चुम्मनलाल साहू, पंचगण नंदनी साहू, तुलसी साहू, यशोदा साहू, शांति कुर्रे, हिराऊ मान्डे, नारायण साहू, गोवर्धनलाल मान्डे, श्रीमती हीरा डहरिया, रामप्रसाद यादव, नूतन धृतलहरे भाजपा प्रदेश सदस्य छग, अर्जुनलाल साहू सहित अनके ग्रामीण शामिल रहे।

# अजय फाउंडेशन ने किया चित्रकार बसंत का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन सम्मान से नवाजे गए कुरुद नगर के चित्रकार बसंत साहू को उनके निवास सरोजनी चौक कुरूद पहुंचकर अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के सदस्यों ने शाल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मौके पर विशेष आमंत्रित सदस्य मोहन अग्रवाल, भारत भूषण पंचायन, फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर एवं सदस्यगण प्रसन्न नायडू, शुभम बैस, लक्ष्मीकांत साहू मौजूद थे।

# सोंढूर नहर निर्माण कार्य की होगी सतत निगरानी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

किसान मजदूर संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक डोंगरडुला में हुई जिसमें सोंढूर नहर नाली निर्माण के लिए चल रहे सर्वे कार्य पर विस्तृत चर्चा की। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नहर निर्माण कार्य की गुणवत्ता व प्रगति पर सतत निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा रखी जाएगी, ताकि किसानों को इसका पूर्ण लाभ मिल सके। बैठक में समिति अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, शिवकुमार परिहार, गिरधर वट्टी, नरसिंह मरकाम, गौतम मरकाम, दिलीप कोड़ोपी, श्रीमती रामकुंवर मंडावी, रमेश मंडावी, इंदल प्रजापति, महराजी नेताम, रामजी मंडावी, रुमलाल नेताम, डेविड ठाकुर, शत्रुधन साक्षी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। समिति की आगामी बैठक 11 दिसंबर गुरुवार को आयोजित की जाएगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई अमीन पटवारी भर्ती परीक्षा

सामान्य ज्ञान में तालाब का पर्याय, अली कौन है, पंजाब केसरी, भारत का लौह पुरुष, भारत की कोकिला, संविधान दिवस, हड़प्पा की खोज, नाबार्ड व अन्य बैंकों की स्थापना वर्ष, नदियों के तट व सहायक नदियों से जुड़े प्रश्न शामिल थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नों को समय- सीमा में हल करना संभव रहा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 9580 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6887 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 2693 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई।

## विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण स्थलों का किया शैक्षणिक भ्रमण

# आदिवासी संग्रहालय, साइंस सेंटर और चंपारण में बढ़ाया ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल मगरलोड के विद्यार्थियों ने हेडमास्टर किरण प्रसन्नो के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया।

भ्रमण की शुरुआत आदिवासी संग्रहालय से हुई, जहां बच्चों ने जनजातीय कला, संस्कृति, वेशभूषा एवं पारंपरिक जीवनशैली को समझा। संग्रहालय के विविध प्रदर्शन बच्चों के लिए अत्यंत रोचक रहे। विद्यार्थी साइंस सेंटर में वैज्ञानिक मॉडल, अंतरिक्ष गैलरी, रोबोटिक्स एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों को करीब से देखा। यहां बच्चों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और उत्साह बढ़ा। भ्रमण का अंतिम पड़ाव चंपारण रहा। यहां विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों और शांत प्राकृतिक वातावरण का अनुभव किया। चंपारण में बच्चों ने भगवान श्रीराम के मंदिर तथा वहां स्थापित विभिन्न देवी–देवताओं के दर्शन भी किए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान, सांस्कृतिक समझ और अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। भ्रमण कार्य में सुनीता गुप्ता, अंबिका साहू, लीला साहू, रीना साहू, यामिनी सिन्हा, भीष्मा साहू, सोनिया साहू, ओंकार विश्वकर्मा, केशन निषाद, पुरेन्द्र यादव, टोमेश कुमार शामिल रहे।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
SAGAR TMT
यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला–धमतरी मो. 9301661519
कुरूद/नवापारा/अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे – अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### सुचारू धान खरीदी से बदली किसान की किस्मत

■ तुकाराम साहू ने बनाया नया घर, अब फिनिशिंग की तैयारी

**धमतरी।** नगरी विकासखंड के सहकारी समिति केंद्रों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी व्यवस्था इस बार बेहद सुचारू और पारदर्शी साबित हो रही है। शासन द्वारा किसानों को सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के लिए किए गए बेहतर प्रबंधन का लाभ ग्रामीण अंचलों तक स्पष्ट रूप से पहुंच रहा है। इसका सबसे प्रेरक उदाहरण ग्राम सांकरा के मेहनतकश किसान तुकाराम साहू हैं। तुकाराम साहू ने इस वर्ष 56 क्विंटल धान नगरी सहकारी समिति केंद्र में बेचा है। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष धान विक्रय से प्राप्त हुई राशि ने उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया। शासन की समयबद्ध खरीदी और भुगतान व्यवस्था के चलते उन्होंने अपने परिवार के लिए नया घर तैयार कराया। तुकाराम कहते हैं कि यदि भुगतान में देर होती, तो घर निर्माण का उनका सपना शायद अधूरा ही रह जाता। इस वर्ष मिलने वाली राशि से वे अब घर के प्लास्टर और शेष फ़िनिशिंग कार्य पूरे करने की तैयारी में हैं। किसान तुकाराम ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। उनके अनुसार बारदाना समय पर उपलब्ध हो रहा है। तौलाई बिना किसी देरी के की जा रही है और केंद्र का स्टाफ किसान-हितैषी व्यवहार के साथ सहयोग कर रहा है। व्यवस्थित खरीदी प्रक्रिया से किसानों में उत्साह बढ़ा है और सरकारी प्रणालियों के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।

### बेकाबू वाहन की चपेट में नाबालिग की मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत भूरके पुलिया के पास विगत दिनों कराकी निवासी 17 वर्षीय आशीष कुमार शोरी पिता श्यामसिंह शोरी द्वारा अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 4727 में कराकी से कोड़ेकुर्से की ओर अकेले मोटर सायकल को चलाते जा रहा था। भूरके पुलिया के पास पक्की सड़क ग्राम कोड़ेकुर्से के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 07 डीए 2667 के चालक कोण्डरूंज निवासी 35 वर्षीय कंवल जैन पिता धिरयार जैन अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर आशीष कुमार शोरी के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर देने से आशीष कुमार शोरी को चोट पहुंचाने से आई चोट के कारण आशीष कुमार शोरी का मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी कंवल जैन पिता धिरयार के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अंतागढ़ का मावा मोदोल 15 दिनों में प्रारंभ करने की हिदायत

**अंतागढ़।** कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान करने जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल मावा मोदोल को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने अंतागढ़ स्थित तैयार किए जा रहे मावा मोदोल अध्ययन केंद्र का गहन निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं और चल रहे कार्यों का मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक केंद्र पूर्ण रूप से संचालित होने की स्थिति में तैयार होना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मावा मोदोल योजना का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग, पुस्तकें, डिजिटल संसाधन एवं प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी आर्थिक बाधा के कर सकें।

स्कूल के सामने हुआ हादसा, प्रधानपाठक को नोटिस

# तेज रफ्तार स्कूटी की चपेट में आने से स्कूली छात्र का पैर टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

एक तेज रफ्तार स्कूटी ने शासकीय माध्यमिक बालक शाला कुरुद के 6वीं कक्षा के छात्र जयंत बंजारे को जोरदार टक्कर मार दी। इससे उसका पैर टूट गया। मामले में बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही मानते हुए एबीईओ सीके साहू ने प्रधानपाठक तारकेश्वरी रात्रे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है लेकिन स्कूटी चालक के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। स्कूटी चालक एक नाबालिग लड़की बताई जा रही है।

प्रशासन की अनदेखी के चलते स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल समेत कई स्कूलों के सामने ब्रेकर नहीं बने हैं जिस कारण इस मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया व भारी वाहनों से हर पल दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह स्कूल नगर के मुख्य सड़क पर मौजूद है जहां तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। वहीं तेज रफ्तार, प्रेशर हार्न वाले वाहनों पर पुलिस प्रशासन की कोई लगाम नहीं है। यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई घटना हो चुकी है लेकिन प्रशासन को शायद बड़ी घटना का इंतजार है।

### प्रशासन की उदासीनता साफ दिखती है

गौरतलब है कि नगर के कारगिल चौक से बाईपास रोड सिरसा चौक तक अति व्यस्तम वाला मार्ग है। इसी सड़क के दोनों तरफ स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय हिंदी मीडियम स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक शाला, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, जनपद कार्यालय, पोस्ट ऑफिस स्थित हैं। कामकाज निपटाने लोगों का दिनभर आना-जाना लगा रहता है जिसकी वजह से दोपहिया व चार पहिया वाहन दिनभर चलते रहते हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।विद्यालय प्रबंधन भी स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग कर थक चुका है। आमतौर पर स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर बनाए जाते हैं लेकिन यहां न तो संकेतक लगा हुआ है और न ही गति अवरोधक बनाए गए हैं। इससे प्रशासन की उदासीनता साफ झलकती है।

### लापरवाही पड़ सकती है भारी

संस्था की ओर से एसडीएम कुरूद को कई मर्तबा पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है। कुछ माह पहले 1 अक्टूबर 2025 को घटना की आशंका जाहिर करते हुए एसडीएम को पत्र लिखकर स्पीड ब्रेकर बनाने अनुरोध किया गया था। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अब तक इन स्कूलों के सामने ब्रेकर नहीं बना पाए। प्रशासन की यह लापरवाही बच्चों पर कभी भी भारी पड़ सकती है। तेज गति से निकलने वाले वाहनों के कारण बच्चे इनकी चपेट में आ भी चुके हैं। खास बात यह है कि यहां पर वाहनों की गति धीमी करने के लिए संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों और अभिभावकों ने तत्काल स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की।

### दो स्कूल आमने-सामने, मार्ग में दिनभर रहती है आवाजाही

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुरूद में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक दो माध्यम के विद्यार्थियों की दो शिफ्ट में पढ़ाई होती है। इस संस्था के ठीक सामने शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुरूद भी है। दोनों स्कूल आमने सामने होने के कारण स्कूल लगने व छुट्टी के समय भीड़ लग जाती है जिसके चलते दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती हैं। तेज रफ्तार गाड़ी चलने के कारण कई दुर्घटना पूर्व में हुई है जिसकी सूचना थाना प्रभारी को दी गई थी। उनके द्वारा बैरिकेड लगाया गया था पर कुछ महीनों से उसे हटा दिया गया है।



### प्रशासन को लिखेंगे पत्र

आज एक मिडिल स्कूल के बच्चे को स्कूटी सवार ने ठोकर मार दी जिससे उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। उसका त्वरित उपचार कराया गया है। हमने संस्था की तरफ से पहले ही पत्र लिखकर स्पीड ब्रेकर बनाने का अनुरोध एसडीएम से किया था। रोज हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। सुरक्षा के लिहाज से स्पीड ब्रेकर बेहद जरूरी है।स्पीड ब्रेकर बनाने हम फिर से प्रशासन को पत्र लिखेंगे।

**- चंद्रकुमार साहू**
*एबीईओ कुरूद*

### माह भर के भीतर बनेगा स्पीड ब्रेकर

गति अवरोधक बनाने पीडब्ल्यूडी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित कर दिया गया है। वे इस जगह का टेक्निकली अवलोकन कर डिसाइड करेंगे कि इस रोड में स्पीड ब्रेकर बनाए या स्टॉपर लगाए। महीने भर के भीतर बैरिकेडिंग या स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था कर दी जाएगी।

**- नभसिंह कोसले**
*एसडीएम कुरूद*

## बंपर पैदावार के बावजूद महंगी हुई हरी सब्जियां

■ बाजार में बढ़े दाम ने ग्राहकों की जेब ढीली की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की बंपर आवक के बाद भी कीमत में कमी नहीं आ रही है। मांग ज्यादा और रसोई का बजट लगातार बिगड़ता देख उपभोक्ता परेशान हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इस बार किसानों के खेत में अच्छी पैदावार होने के बावजूद बढ़ती खरीदारी के कारण रेट नीचे नहीं आ पा रहे हैं। सब्जी व्यवसायी जयलाल सोनकर, हेमंत पटेल, रामसेवक पटेल और धनीराम सोनकर ने बताया कि सब्जियां भरपूर मात्रा में आ रही हैं, लेकिन मंडियों में ग्राहकों की भारी भीड़ के चलते भाव स्थिर रहने की बजाय और चढ़ने लगे हैं।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे तक मुनगा 200 रुपये किलो, ग्वारफली, भिंडी, धनिया और ढेस 100 रुपये, जबकि मिर्च, कोचई, शिमला मिर्च, कटहल और सेमी 60 रुपये किलो बिका। गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, करेला, गोभी, तोरई और डोड़का 50 रुपये प्रति किलो रहा। टमाटर और भटा 40 रुपये, कद्दू, केला और पत्तागोभी 30 रुपये तथा लौकी और मूली 20 रुपये रही। तेजी से बढ़ते दाम के चलते कई उपभोक्ता महंगी सब्जियां खरीदने से पीछे हट रहे हैं।

किराना बाजार में भी महंगाई का असर स्पष्ट नजर आ रहा है। आलू और प्याज दोनों 20 रुपये किलो रहे, जबकि शक्कर 45, गुड़ 55 रुपये प्रति किलो में बिकी। हल्दी 200, धनिया 120, जीरा 250 और काली मिर्च 800 रुपये किलो तक पहुंच गई। तेल का दाम भी 125 रुपये लीटर रहा। मूंग, उड़द और मसूर दाल 90 रुपये किलो, चना देसी 75, जबकि मटर सफेद 60 रुपये में बिका। पोहा 45 और खड़ा मसूर 80 रुपये किलो रहा। अंडा भी 96 रुपये दर्जन तक जा पहुंचा। बाजार में सब्जियों और आवश्यक किराना सामग्री की बढ़ती कीमत ने आम उपभोक्ताओं का बजट बिगाड़ दिया है। लोगों का कहना है कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में रसोई का खर्च संभालना मुश्किल हो जाएगा।

## दक्ष हो रहे मध्यान्ह भोजन के रसोइये

■ जिले में रसोइयों को भोजन पकाने और सावधानी बरतने की ट्रेनिंग दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मेघा में फूड पाइजनिंग का मामला सामने आने के बाद अब जिला प्रशासन मध्यान्ह भोजन में भी सावधानी बरत रहा है। पूरे जिले में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन पकाने और सावधानी बरतने की ट्रेनिंग दी जा रही है। तीन विकासखंड में यह प्रशिक्षण कम्पलीट हो चुका है।

मध्यान्ह भोजन शासन की महत्वपूर्ण योजना में से एक है। महत्वपूर्ण होने के साथ यह काफी संवेदनशील है, क्योंकि यह योजना छोटे-छोटे बच्चों से जुड़ी हुई है। गांव में एक साथ कई लोगों के लिए भोजन पकाए जाने पर कई प्रकार की चूक संभावित है। मोमोज कांड के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है और मध्यान्ह भोजन में होने वाली चूक को दूर करने में जुट गया है। इसी के चलते मध्यान्ह भोजन पकाने वालों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भखारा, मगरलोड, संबलपुर, कुरूद सहित कई स्थानों पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब नगरी क्षेत्र में प्रशिक्षण देने की तैयारी है।

### स्वच्छ जगह पर भोजन पकाएं, स्टोर करें

खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने बताया कि भोजन को साफ सुथरे स्थान पर पकाना ही पर्याप्त नहीं है। भोजन को साफ सुथरे स्थान पर रखा जाना भी जरूरी है, ताकि वह खराब न हो। इसके अतिरिक्त मध्यान्ह भोजन राशन, सब्जी सहित अन्य चीजों को सुरक्षित ढंग से रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्टोर रूम में चूहे मारने की दवा, फिनाइल, वाशिंग पावडर, साबुन सहित अन्य चीजों को राशन सामग्री से अलग रखने के तरीके बताए जा रहे हैं। खाना पकाने के दौरान किन-किन बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, इस पर भी फोकस किया जा रहा है।

## धूल, गड्ढे और अधूरे निर्माण कार्य से भड़के ग्रामीण

■ नगरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों की स्थिति काफी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखंड के देवपुर-सिहावा सहित कई प्रमुख मार्गों पर सड़क निर्माण कार्य महीनों से ठप पड़ा हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2025 में 13 किलोमीटर सड़क मरम्मत के लिए 6 करोड़ 81 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। बारिश के बाद अगस्त–सितंबर में ठेकेदार ने जेसीबी से पुराने डामर को उखाड़कर निर्माण की तैयारी तो की, लेकिन इसके बाद अधिकांश स्थानों पर केवल गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया। करीब दो माह से निर्माण पूरी तरह बंद है, जिससे मार्ग धूल और गिट्टी से पट चुका है।

सरपंच आत्माराम रामकुमार दयालु, भोजराम, टीकाराम, अनिल राय, प्रदान धुव, ठाकुरराम, संतोष, सुरेंद्र यादव, संजय सोनवानी, आसकुमार , विमल, डोमार साहू का कहना है कि रोड पर उड़ती धूल से लोग आंख, नाक और गले की जलन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक हो गया है। सोनामगर–सिहावा क्षेत्र के सब्जी बाजार में व्यापारियों की सब्जियों पर धूल जम रही है, वहीं आसपास के घरों में रोजाना भारी मात्रा में धूल भर रही है। घटुला–बोराई और बेलर–जैतपुरी मार्ग की स्थिति भी इसी तरह गंभीर बताई जा रही है, जहां नालियों की अधूरी मरम्मत और बिना पानी के छिड़काव के खतरा और बढ़ गया है।

ग्रामीणों ने ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ, तो वे सड़क पर चक्काजाम करेंगे।

विकासखंड नेत्र अधिकारी देवेंद्र साहू ने धूल से बढ़ते संक्रमण के खतरे को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के एसडीओ प्रशांत साहू से बात करने पर उन्होंने बताया कि कई बार ठेकेदार को पानी डालने बोला गया है। अगर ठेकेदार अनसुनी करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## पीजी कॉलेज में फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग एवं भानुप्रतापदेव शासकीय महाविद्यालय कांकेर के अंग्रेजी विभाग के बीच 4 दिसंबर 2025 को हुए एमओयू के तहत संयुक्त रूप से फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीसीएस महाविद्यालय के एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नाटक "एवं इंद्रजीत" की प्रभावशाली प्रस्तुति दी तथा विषय-आधारित पीपीटी प्रस्तुतिकरण एवं फन एक्टिविटी भी आयोजित की गई। छात्राएं ललिता, भूमिका, भारती, भूमिका सेन, तुलेश्वरी, मीनाक्षी, हिमागनी एवं भूमिका गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन कांकेर महाविद्यालय के छात्र देवेंद्र प्रकाश एवं छात्रा ग्रेस डेनियल ने किया। छात्रा आस्था ने नई शिक्षा नीति पर जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन बीडीएस महाविद्यालय कांकेर की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह द्वारा किया गया।

## महानदी परियोजना के बांधों में क्षमता का 95 फीसदी जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

### 40 टीएमसी पानी सिंचाई, महानदी तथा पेयजल के लिए दिया जा चुका है



इस साल जिले में मानसून जमकर बरसा है। महानदी परियोजना के चारों बांध लबालब हैं। अभी भी गंगरेल तथा दुधावा बांध में पानी की आवक हो रही है। गंगरेल बांध से 13 अगस्त से लेकर अब तक लगभग 41 टीएमसी पानी छोड़ा जा चुका है।

महानदी परियोजना के चारों बांध में उपयोगी जलभराव की क्षमता का 49.171 टीएमसी पानी है। वर्तमान में सभी चारों बांध में उपयोगी जलभराव 46.509 टीएमसी है जो कुल जलभराव क्षमता का 94.58 फीसदी है। गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 26.799 टीएमसी, माड़मसिल्ली में 5.394 टीएमसी, दुधावा में 9.594 टीएमसी तथा सोंढूर में 4.737 टीएमसी पानी जमा है। गंगरेल बांध में पानी की आवक 292 क्यूसेक तथा जावक 292 क्यूसेक हो रही है। वहीं दुधावा बांध में पानी की आवक 30 क्यूसेक तथा जावक 30 क्यूसेक बनी हुई है।

सिंचाई पानी की मांग पर गंगरेल बांध से 13 अगस्त से पानी छोड़ा गया। रेडियल गेट से 26.036 टीएमसी, पेनस्टाक गेट से 11.801 टीएमसी तथा एचआर गेट के माध्यम से 3.079 पानी छोड़ा जा चुका है। रूद्री बरॉज से खरीफ फसल सिंचाई के लिए 23.340 टीएमसी पानी दिया गया। महानदी में 12.537 टीएमसी पानी बहाया गया। 2.245 टीएमसी पानी रायपुर धमतरी पेयजल तथा निस्तारी के लिए दिया जा चुका है। वहीं 3.079 टीएमसी पानी भिलाई नहर के माध्यम से छोड़ा जा चुका है। वर्तमान में गंगरेल बांध में 98.88 प्रतिशत, माड़मसिल्ली बांध में 94.30 प्रतिशत, दुधावा बांध में 95.67 प्रतिशत तथा सोंढूर बांध में 74.64 प्रतिशत जलभराव है।

## लसुनवाही जंगल में जेसीबी से अवैध खनन का आरोप, वनकर्मी पर कार्रवाई की मांग

■ मुक्तिधाम में पेयजल संकट पर भी कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में दो अलग-अलग शिकायत को लेकर एक आवेदनकर्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पहली शिकायत ग्राम लसुनवाही जंगल में अवैध जेसीबी खनन को लेकर है, जबकि दूसरी शिकायत ग्राम कुकरेल के मुक्तिधाम में पेयजल और मुरम भराई की समस्या से संबंधित है।

कुकरेल नयापारा निवासी नरेन्द्र सिंह राजपूत ने जिलाधीश को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि केरेगांव वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम लसुनवाही के जंगल में जेसीबी मशीन से नाली का अवैध खनन कराया जा रहा है। शिकायत में बताया गया कि यह कार्य एक वनरक्षक की निगरानी में हो रहा है, जबकि वन क्षेत्र में मशीन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।

आवेदक के अनुसार अवैध खनन के कारण वनभूमि को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों का रोजगार भी छिन रहा है, जिससे वे पलायन के लिए मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने कलेक्टर से पूरे मामले की जांच कर संबंधित वनकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत 2 दिसंबर को जिला कार्यालय में दर्ज कराई गई। आरटीआई कार्यकर्ता नरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि ग्राम कुकरेल के मुक्तिधाम में पक्के शेड का निर्माण तो हो चुका है, लेकिन परिसर के चारों ओर मुरम न होने से झाड़ियां उग आई हैं, जिससे अंतिम संस्कार के समय लोगों को कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम परिसर में लगभग 10 ट्रक मुरम डालने की आवश्यकता बताई है। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में नाला सूखने पर पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए मुक्तिधाम के पास एक बोर खनन कर हैंडपंप लगाने की मांग की गई है। यह आवेदन 17 नवंबर 2025 को जिला कार्यालय में प्रस्तुत हुआ।

वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर राजाराव पठार में आज से तीन दिवसीय आयोजन

# वीर मेले में दिखेगी आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



इस वर्ष भी शहीद वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन राजाराव पठार करेंझर में आज से किया जा रहा है। यह आयोजन आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा को जानने-समझने का सबसे बड़ा मंच माना जाता है। बालोद, धमतरी और कांकेर तीनों जिलों के संयुक्त प्रयास से इस ऐतिहासिक मेले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी-देवताओं के आगमन और देव स्थापना से होगा। पहले दिन देव पूजा, देव मिलन, आदिवासी हाट-बाजार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा युवा सम्मेलन होगा। मुख्य अतिथि अरविंद नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़, जीआर.राणा पूर्व अध्यक्ष अजजा आयोग छग, अकबर राम कोर्राम अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, आरसी नेताम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, नंदकुमार साय पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजजा आयोग, बीएस रावटे कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, कमलेश ध्रुव अध्यक्ष धमधा गढ़ महासभा, नकुल राम चंद्रवंशी प्रदेश महासचिव अजजा शासकीय सेवक विकास संघ, मोहन कोमरे प्रदेश कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, जीवराखन मरई जिलाध्यक्ष धमतरी, तुकाराम कोर्राम जिलाध्यक्ष बालोद, कन्हैया उसेंडी जिलाध्यक्ष कांकेर, सुमेर सिंह नाग अध्यक्ष गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर सम्भाग एवं युवा सम्मेलन के मुख्य अतिथि सुभाष परते प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज होंगे।

दूसरे दिन मातृशक्ति सम्मेलन और आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े कैबिनेट मंत्री होंगी। अध्यक्षता मंजू प्रभाकर अध्यक्ष महिला प्रभाग वीर मेला आयोजन समिति करेंगी। विशिष्ट अतिथि सुशीला नेताम राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य, उत्तरा मरकाम अध्यक्ष गोंडवाना सेवा समिति गुरूर, ईश्वरी नेताम जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग गोंड समाज धमतरी, राखी गोटा महिला प्रमुख गोंडवाना समाज कांकेर होंगी। इसी दिन आदिवासी प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री, संगीता सिन्हा विधायक बालोद, कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, अनिला भेड़िया विधायक डौंडीलोहारा, सावित्री मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर, अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, ओंकार साहू विधायक धमतर होंगे। समापन एवं श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री होंगे। विशिष्ट अतिथि रामविचार नेताम मंत्री, केदार कश्यप मंत्री, दयालदास बघेल मंत्री, लता उसेंडी विधायक कोंडागांव, भोजराज नाग सांसद, विक्रम उसेंडी विधायक अंतागढ़, आशाराम नेताम विधायक कांकेर ,नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, रूपसिंह मंडावी अध्यक्ष अजजा आयोग छग, तारिणी चंद्राकर अध्यक्ष जिपं बालोद, तेजराम साहू जिपं सदस्य बालोद, सुनीता साहू जनपद अध्यक्ष गुरुर, कौशिल्या चंद्रवंशी जनपद सदस्य गुरुर, कन्हैया लाल साहू सरपंच करेंझर होंगे।

## खबर संक्षेप



### मोहपुर में सर्वाजनिक शराबखोरी पर रोक जुर्माना के लिए टांगा बोर्ड

**दसपुर।** विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहपुर में नदी और पुल के आसपास बाहरी लोगों द्वारा शराब पीकर गंधगी फैलाने की शिकायतें लगातार सरपंच और जनप्रतिनिधियों को मिल रही थीं। शराब पीकर बोतलें तोड़ने से कई बार ग्रामीणों के पैर में कांच चुभने की घटनाएं भी सामने आई हैं। शराबियों की हरकतों से परेशान ग्रामवासियों और युवाओं ने मिलकर सराहनीय पहल की है। गांव के पास एक सूचना बोर्ड लगाया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि ग्राम मोहपुर क्षेत्र में शराब पीना और गंदगी करना सख्त मना है। ऐसा करते पकड़े जाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत मोहपुर के सरपंच संदीप मंडावी ने बताया कि हमारा उद्देश्य नदी-नालों को स्वच्छ रखना और आसपास का माहौल बेहतर बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व यहां अक्सर शराब पीकर गंदगी फैलाते हैं। इतना ही नहीं, शहर से आने वाले कुछ लोग भी कचरा नदी में डालते हैं, जिससे जलस्त्रोत दूषित हो रहे हैं।

### दो बाइक की टक्कर में एक की हुई मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत कोयलीबेड़ा बाजार से घर आने के दौरान सड़क दुर्घटना में कोयलीबेड़ा निवासी 55 वर्षीय घसिया राम आंचला का मौत हो गया। कोयलीबेड़ा निवासी 35 वर्षीय सोनूराम आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने मोटर सायकल से कोयलीबेड़ा का बाजार 5 दिसंबर को गया हुआ था। वापस घर आते समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे घसिया राम का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

धीवर समाज के प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को सीएम ने मोबाइल से किया संबोधित

# धीवर समाज की एकता अनुकरणीय : साय

- प्रदेशभर से आए 500 युवाओं ने दिया मंच पर परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





छत्तीसगढ़ धीवर समाज महासभा रायपुर द्वारा रविवार को एकलव्य खेल परिसर में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन सामाजिक एकता, संस्कार और सादगीपूर्ण विवाह की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। प्रदेशभर से आए 500 युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य और समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक नवीन मारकंडेय, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस थे।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने कहा कि यह परिचय सम्मेलन समाज में फिजूलखर्ची पर रोक और आदर्श विवाह को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ी पहल है। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में लड़का-लड़की की खोज में परिवार अनावश्यक खर्चों से गुजरते हैं, ऐसे सामूहिक मंच से यह बोझ काफी कम होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोबाइल के माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि धीवर समाज की एकता अनुकरणीय है और समाज की मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने सामाजिक जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और संगठनात्मक क्षमता के आधार पर धीवर समाज लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने मंदिरहसौद में समाज भवन हेतु जमीन आवंटन की मांग पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर सकारात्मक पहल का भरोसा दिया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धीवर समाज सेवा, त्याग और सामूहिकता की परंपरा को जीवंत रखने वाला समाज है। नियमित सामूहिक आयोजन समाज में एकता और सद्भावना को मजबूत बनाते हैं। मछली पालन विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों में समाजजनों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रामलाल पेंदरिया, कोषाध्यक्ष पवन धीवर, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, संध्या हिरवानी, गजानंद धीवर, आशा धीवर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे।

## दहेज लेना और देना महापाप : गंगा देवी





- सिर्री में शिव महापुराण का आयोजन 9 दिसंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिर्री में संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सप्ताह का आयोजन 9 दिसंबर तक होगा। गांव में बाजार चौक में कथा जारी है। प्रवचनकर्ता सुश्री गंगा देवी दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक भक्तों को कथा एवं भगवान भजन का रसपान कराती हैं। सुबह 9 बजे रुद्राभिषेक किया जाता है।

रविवार को उन्होंने कथा में बताया कि राजा जनक माता सीता के विवाह के लिए स्वयंवर रचते हैं तब शिव धनुष तोड़ने के बाद भगवान श्रीराम का माता सीता से विवाह संपन्न होता है। पश्चात राजा जनक की जब माराज दशरथ से भेंट होती है तब उस समय महाराज दशरथ, राजा जनक के समक्ष झुकते हैं क्योंकि वह खुद को याचक मानते हैं और कहते हैं कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं। संस्कार से भरा हुआ मनुष्य उस फलदार वृक्ष की तरह है जो झुकना जानता है और खुद झुककर दूसरों को फलित करता है। इस बीच गंगा देवी ने कहा कि आज दहेज का लेन देन करने से अपराध का भी जन्म हो रहा है। दहेज का लेन देन देश में कन्याओं के लिए अभिशाप बन गया है। दहेज के लिए बहुओं को मौत के घाट भी उतार दिया जाता है। ऐसे में सर्वसमाज को इस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। भगवान श्रीराम के भजन के बाद संध्या 6 बजे आरती पूजन किया गया। कथा सुनने भक्तों की भीड़ रही।

# श्रद्धा से निकली महिलाओं की कलश यात्रा





- कोसरिया यादव समाज ने मनाया गीता जयंती महोत्सव, युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी के तत्वावधान में 7 दिसंबर को यादव समाज भवन आमातालाब में गीता जयंती महोत्सव और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुबह से ही समाज भवन में धार्मिक अनुष्ठानों और तैयारियों की चहल-पहल दिखाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे कलश स्थापना, गीता पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद सुबह 11 बजे समाज की कलश यात्रा पुरानी कृषि उपज मंडी से रवाना हुई। यात्रा सिहावा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, सिटी कोतवाली और इतवारी बाजार से होती हुई पोस्ट ऑफिस वार्ड के मार्ग से समाज भवन पहुंची। यात्रा में समाज की महिलाएं, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में शामिल रहे।

समाज भवन वापस लौटने के पश्चात गीता पाठ, प्रवचन, हवन और आरती का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने गीता के उपदेशों को जीवन में उतारने पर बल दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यादव समाज मेहनतकश और संस्कारित समाज है, जो भगवान कृष्ण की परंपरा का अनुसरण करता है। गीता जयंती तभी सार्थक होगी जब गीता का संदेश आचरण में उतरे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने की। विशिष्ट अतिथि जोहन सिंह यादव, अनीता यादव, घनश्याम यादव, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी, नेहरू निषाद, अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, नरेंद्र यादव थे।

दोपहर 3 बजे आयोजित युवक–युवती परिचय सम्मेलन में समाज के विवाह योग्य युवाओं ने मंच से अपना परिचय दिया। समाज में सादगीपूर्ण विवाह और एकजुटता की दिशा में यह सम्मेलन एक अहम कदम साबित हुआ।

कार्यक्रम के अगले चरण में शाम 4 बजे सम्मान समारोह रखा गया। उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सुरेखा यादव, सुनीता यादव, बुधंतीन यादव, पूजा यादव, शांति यादव, लीली बाई यादव, कुसुम यादव, संतोषी यादव, गंगू यादव, जोहत यादव, सीता बाई यादव, कामिनी यादव, जानकी यादव, यशवंत यादव, बंशीलाल यादव, हंशुलाल यादव, जितेंद्र यादव, नरेन्द्र यादव, चुनेश्वर यादव, हेमंत यादव, हीरालाल यादव, नंदकिशोर यादव, रामजीवन यादव, रामरतन यादव, विजय यादव, महावीर यादव, महेश पाश्व, सुरेश यादव, अशोक यादव, राजेंद्र यादव, लल्लू यादव और परदेशीराम यादव को सम्मानित किया गया।

# एड्स के प्रति समाज में जागरुकता फैलाएं : डॉ. शैलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)





छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब तथा यूथ रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एचआईवी एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा उमेश्वरी ने एड्स के कारणों पर अपने विचार रखे। सहायक प्राध्यापक, जंतु विज्ञान श्रीमती रेणु पटेल ने एड्स को लाइलाज बीमारी बताते हुए कहा कि इससे बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता और सावधानी है। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण अफ्रीका के जानवरों में पाए गए थे, जो अब मनुष्यों में भी दिख रहे हैं। उन्होंने एड्स के फैलने के कारणों और बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सहायक प्राध्यापक रसायन प्रीति साहू ने एड्स के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी सामान्य सर्दी-खांसी जैसे लक्षणों से शुरू होकर धीरे-धीरे शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त कर देती है। वर्तमान में इस बीमारी का कोई सुनिश्चित इलाज उपलब्ध नहीं है, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ा हथियार है।

सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कामता प्रसाद साहू ने कहा कि आज एचआईवी एड्स का प्रसार तेज़ी से हो रहा है, लेकिन जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार अपनाकर इससे बचा जा सकता है। सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान मानसिंह साहू ने भी छात्रों को संबोधित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र साहू ने युवाओं को एड्स के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि एड्स पीड़ितों के प्रति समाज को सहानुभूति और सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने सभी को एड्स जागरूकता अभियान चलाने और पीड़ितों को समाज में सम्मान दिलाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक दिनेश कुमार साहू, संगीता साहू, किरण साहू, इतिबाला सोन, युवराज साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा साहू और आभार प्रदर्शन युवराज साहू ने किया।

# सिन्हा समाज के 50 युवक-युवतियों ने दिया परिचय




- अतिथियों ने कहा, ऐसे आयोजन से धन और समय की होती है बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रत्नाबांधा रोड नेहरू गार्डन के सामने स्थित सिन्हा समाज के भवन परिसर में रविवार को डड़सेना सिन्हा कलार समाज के विवाह योग्य 50 से अधिक युवक युवतियों ने मंच में पहुंचकर अपना परिचय दिया। परिचय के दौरान उनके परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं महापौर रामू रोहरा मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से एक ही जगह परिवार के लोग अपने-अपने बच्चों को लेकर शामिल होते हैं और परिचय के माध्यम से युवाओं को वर-वधु ढूंढने का मौका मिलता है। इससे अर्थ और समय की बचत होती है।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह सिन्हा समाज भवन में दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। प्रारंभ में समाज के पदाधिकारियों ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में दूरदराज के युवक-युवती शामिल हु। जिन्होंने अपना पूरा बायोडाटा प्रस्तुत किया। मंच संचालन हेमंत सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर समाज के प्रदेश महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रदेश कोषाध्यक्ष बिसंभर सिन्हा, डॉ. किशोर सिन्हा, जिलाध्यक्ष चंद्रहास सिन्हा, धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, नगरी मंडलेश्वर पन्नालाल सिन्हा, मगरलोड मंडलेश्वर नरेश सिन्हा, कुरूद मंडलेश्वर हिरेश्वर सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम मगेन्द्र, कुरूद के पूर्व मंडलेश्वर निरंजन सिन्हा, रामजी सिन्हा, यशवंत सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, सुरेश सिन्हा, परमेश्वरी सिन्हा, सुलोचना सिन्हा, नंदनी सिन्हा, सितेश सिन्हा, मुरली सिन्हा, दुलार सिन्हा, जगमोहन सिन्हा, राजेश्वर सिन्हा, दीपक गजेन्द्र, दमयंतीन गजेन्द्र, वामन सिन्हा, श्रीमती सुमन गजेन्द्र, भारती सिन्हा, सत्येन्द्र सिन्हा, भूपेश सिन्हा समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सुलभ शौचालय में सुधार कार्य पूर्ण

धमतरी। लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में महापौर जगदीश रामू रोहरा, स्वास्थ्य विभाग सभापति निलेश लुनिया के सहयोग व वार्ड पार्षद श्रीमती हिमानी साहू के निरंतर प्रयास से तूफान चौक स्थित सुलभ शौचालय में सुधार कार्य किया गया है। अब यह शौचालय पहले की तुलना में अधिक साफ, उपयोगी, व्यवस्थित और सुरक्षित बन चुका है। यह सकारात्मक बदलाव वार्डवासियों की सुविधा तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है।

## कुष्ठ रोग जांच एवं खोज अभियान शुरू

**धमतरी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 से 31 दिसंबर तक कुष्ठ रोग जांच एवं खोज अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ व डीएलओ के मार्गदर्शन में सर्वे टीम घर-घर पहुंचकर कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की खोज करेगी। संभावित रोगियों को नजदीकी पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल मे जांच एवं उपचार के लिए भेजा जाएगा। सर्वे दल द्वारा गांव के सरपंच, पंच को जानकारी देकर समूह बैठक लेकर स्कूलों में प्रचार-प्रसार करेगी। वही गांव के कोटवार द्वारा मुनादी कराई जाएगी तथा मितानिनों के माध्यम से प्रत्येक गांव में कुष्ठ रोग के बारे मे नारा लिखवाया जाएगा।















